www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editor wagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-286 सागवाड़ा, शुक्रवार, 8 जुलाई, 2022 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# डूंगरपुर कॉपरेटिव बैंक प्रधान कार्यालय का मैनेजर व कनबा ब्रांच मैनेजर डेढ़ लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

## लेम्प्स भवन निर्माण की राशि के कमीशन के रूप में मांगी थी रिश्वत, उदयपुर एसीबी इंटेलिजेंस टीम की कार्रवाई

**डूंगरपुर।** उदयपुर एसीबी इंटेलिजेंस की टीम ने डूँगरपुर जिले के कॉपरेटिव बैंक के प्रधान कार्यालय के मैनेजर व कनबा ब्रांच के मैनेजर को डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।



दोनो आरोपियो ने ये रिश्वत खजूरी लेम्प्स के भवन निर्माण की राशि मे से कमीशन के रूप में ली थी। कनबा ब्रांच में एसीबी इंटेलिजेंस डिप्टी दिनेश सुखवाल के नेतृत्व में ये कार्रवाई की गई है। उदयपुर एसीबी इंटेलिजेंस के उपाधीक्षक दिनेश सुखवाल ने बताया कि खजूरी लेम्प्स के अध्यक्ष देवीलाल ने उदयपुर एसीबी इंटेलिजेंस को शिकायत की थी कि डूंगरपुर कॉपरेटिव बैंक प्रधान कार्यालय के मैनेजर मितार्थ श्रीमाली व कनबा ब्रांच मैनेजर विकास गुप्ता खजूरी लेम्प्स के भवन निर्माण के 10 लाख रुपए के बजट में से कमीशन के रूप में डेढ़ लाख रुपए रिश्वत की मांग कर रहे है। शिकायत आने के बाद उदयपुर एसीबी इंटेलिजेंस की टीम ने शिकायत का सत्यापन करवाया।

सत्यापन में रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने के बाद आज उदयपुर एसीबी इंटेलिजेंस के उपाधीक्षक दिनेश सुखवाल अपनी टीम के साथ डूंगरपुर पहुंचे। जहां कनबा सीसीबी की ब्रांच में ट्रेप का जाल बिछाया। इस दौरान जैसे ही परिवादी देवीलाल ने रिश्वत की राशि कनबा ब्रांच में जाकर डूंगरपुर कॉपरेटिव बैंक प्रधान कार्यालय के मैनेजर मितार्थ श्रीमाली व कनबा ब्रांच मैनेजर विकास गुप्ता को दी। वैसे ही एसीबी इंटेलिजेंस की टीम ने दोनो को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एसीबी इंटेलिजेंस ने डूंगरपुर कॉपरेटिव बैंक प्रधान कार्यालय के मैनेजर मितार्थ श्रीमाली को एक लाख 25 हजार व कनबा ब्रांच मैनेजर विकास गुप्ता को 25 हजार कुल डेढ़ लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। फिलहाल कनबा ब्रांच में डिप्टी दिनेश सुखवाल के नेतृत्व में कार्रवाई जारी है। इधर उदयपुर से आई दूसरी टीम ने डूंगरपुर शहर में आरोपी मितार्थ श्रीमाली व विकास के घर पर पहुंची जहां पर एसीबी की टीम सर्च कर रही है।

## खेतो में जुताई करते समय पलटा ट्रेक्टर, नीचे दबने से उपसरपंच के किसान पति की हुई मौत

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के झोथरी फला कंथारा गाँव में खेत में जुताई करते समय ट्रेक्टर अचानक पलट गया। हादसे में ट्रेक्टर के नीचे दबने से उपसरपंच का किसान पति गंभीर घायल हो गया। वही घायल किसान की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। डूंगरपुर जिले के चौरासी थाने के थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की झोथरी फला कंथारा निवासी 40 वर्षीय मगन पिता बदा रोत पेशे से किसान है। वही उसकी पत्नी पंचायत की उपसरपंच है। आज सुबह मगन रोत अपने पडोसी के खेत में ट्रेक्टर से जुताई का काम कर रहा था।

जुताई करते समय अचानक ट्रेक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। वही मगन रोत ट्रेक्टर के नीचे दब गया। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के खेतो में काम कर रहे लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। वही लोगो ने मगन को ट्रेक्टर के नीचे से निकाला। वही इसके बाद परिजनों व लोगो ने गंभीर घायल मगन रोत को निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। इधर उपचार के दौरान मगन की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने मामले की सुचना चौरासी थाना पुलिस को दी। सुचना पर चौरासी थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को वार्ड से जिला अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। वही इसके बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इधर पुलिस ने मृतक मगन के काका लक्ष्मण रोत की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक मगन रोत के 14 साल का एक लड़का और 16 साल की बेटी है। इधर मगन की मौत के बाद दोनों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

## ज़ील हॉस्पिटल में स्त्री रोग और निदान पर व्याख्यान आज

**सागवाड़ा।** महिलाओं से जुड़ी समस्याओं और उसके समाधान को लेकर ज़ील हॉस्पिटल सागवाड़ा में व्याख्यान होगा। महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा सेंटर सागवाड़ा और भारत विकास परिषद के साझे में यह आयोजन होगा। महावीर इंटरनेशनल वामा वीरा सेंटर सागवाड़ा की अध्यक्ष तीलकनंदनी शाह, महिला अधिकारिता उप निदेशक प्रेरना शाह ने बताया कि कार्यक्रम 9 जुलाई को शाम 4 बजे ज़ील हॉस्पिटल में होगा जिसमें क्षेत्र की महिलाएं भाग ले सकती है। राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका तृप्ति भावसार ने बताया कि कार्यक्रम में ज़ील हॉस्पिटल की महिला रोग विशेषज्ञ डाक्टर हिलाओं से जुड़े रोग, दंत रोग, त्वचा रोग के बारे में परामर्श देंगे।

## बाइक की टक्कर से बुजुर्ग के पेट में तिल्ली के 8 टूकडे, 2 पसलियां भी टूटी, ढाई घंटे तक ऑपरेशन में 4 यूनिट खून चढ़ाकर बचाई जान

**डूंगरपुर।** बाइक की टक्कर से गंभीर घायल एक बुजुर्ग का डॉक्टरों ने ढाई घंटे की मशक्कत के ऑपरेशन के बाद जान बचा ली। बाइक का हेंडिल पेट में घुसने से बुजुर्ग के पेट की तिल्ली फट गई। पसलियां टूट गई। जान को खतरा लेकिन डॉक्टरों ने उसे बचा लिया।

मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ महेश पुकार के साथ सर्जन डॉ कमलेश डामोर, एनेस्थिक डॉ राजेंद्र और डॉ सरोज मीणा, नर्सेज पुष्पा और तारा की टीम ने ये ऑपरेशन किया। प्रिंसिपल डॉ महेश पुकार ने बताया की लाला (60) पुत्र अमरा मीणा निवासी केशरियाजी गंभीर रूप से घायल हॉस्पिटल में भर्ती हुआ था। उसके पेट और पीठ की तरफ जबर्दस्त चोंट लगी थी। डॉक्टरों ने उसकी जांच की तो तिल्ली फट गई थी। जिस वजह से 3 लीटर से ज्यादा खून की ब्लीडिंग हो गई थी। 2 पसलियां भी टूट गई थी, जिससे जान को खतरा था। डॉक्टर की टीम ने लाला की सभी रिपोर्ट्स को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया। डॉक्टर कमलेश ने बताया की ऑपरेशन ने देखा तो तिल्ली के 8 टुकड़े हो गए थे। जिसे रिपेयर किया। करीब ढाई घंटे तक चले ऑपरेशन में 4 यूनिट खून चढ़ाना पड़ा। ऑपरेशन पूरी तरह से साफ हुआ और अब मरीज ठीक है। प्रिंसिपल डॉ पुकार ने बताया की इससे पहले इस तरह के ऑपरेशन डूंगरपुर में नहीं होते थे। मरीज को उदयपुर या दूसरी जगह रेफर कर दिया जाता था। लेकिन अब मरीज की हालत को देखते हुए ऐसे ऑपरेशन भी होने लगे है, जिससे मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

## ग्रामीणों ने जेईएन व लाइनमैन को 5 हजार की रिश्वत देकर लगवाई थी डीपी, कनेक्शन होने से पहले डीपी चुरा ले गए चोर

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र की सीथल पंचायत के पणियावाडा गाँव में बीती रात चोरो ने एक डीपी को तोड़ दिया वही डीपी में से चोर कोपर, ऑयल व अन्य जरुरी सामान चुराकर ले गए। इधर ग्रामीणों ने बताया की उन्होंने 2 माह पहले ही 5 हजार की रिश्वत बिजली विभाग के जेईएन व लाइनमैन को देकर ये डीपी लगवाई थी। वही अभी तक डीपी से उनके घरो तक कनेक्शन भी नहीं पहुंचा है उससे पहले ही चोर उसे चुरा कर ले गए है। डूंगरपुर जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र की सीथल पंचायत के पणियावाडा के ग्रामीणों ने बताया की गांव निवासी डायालाल पिता शंकर के घर के पास घरेलु कनेक्शन के लिए डीपी लगाने की ग्रामीण मांग कर रहे थे।

लेकिन डीपी नहीं लग रही थी। कुछ दिनों बाद बिजली विभाग के लाइनमेन मनोज ने ग्रामीणों से सम्पर्क किया और बताया की डीपी लगाने के लिए जेईएन को 5 हजार रुपए देने पड़ेंगे। जिस पर 15 कनेक्शन करने के लिए लोगो ने राशी एकत्रित करते हुए 5 हजार की राशि लाइनमेन मनोज के खाते में डलवाई। राशि मिलने के बाद बिजली विभाग के जेईएन व लाइनमैंन ने गाँव में दो माह पहले डीपी लगवाई। लेकिन डीपी लगवाने के बाद भी उनके घरो तक बिजली नहीं पहुंची थी। वही बीती रात चोरो ने उनके गाँव में लगी डीपी को निशाना बनाया।

चोर डीपी को नीचे उतारकर उसमे से कोपर, ऑयल व अन्य जरुरी सामान चुराकर ले गए है। इधर ग्रामीणों ने मामले की सुचना बिजली विभाग के अधिकारियो को दी। बिजली विभाग ने धम्बोला थाने में डीपी चोरी की रिपोर्ट दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परिवादी के पौते को छेड़छाड़ के आरोप से निकालने के लिए मांगे थे 10 लाख, डेढ़ लाख रुपए में माना आरोपी, 50 हजार दे चुका था परिवादी

# पुलिस चौकी का ASI एक लाख रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**कोटा।** एसीबी कोटा ने बारां पुलिस थाना कोतवाली की चौकी के उप निरीक्षक रामदयाल मधुकर को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथो किया गिरफ्तार कर लिया। पुलिस चौकी स्थित आरोपी के कमरे से 2 लाख रुपए और मिले हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कोटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय स्वर्णकार ने बताया कि एक परिवादी ने 7 जुलाई को एक लिखित शिकायत दी थी। इसमें बताया था कि 6 जुलाई को एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाबालिग पौते को तेल फैक्ट्री रोड पुलिस चौकी हनुमान मंदिर के पास बुलाया था। पौता वहां गया तो एक अज्ञात लड़के ने उसके पौते की गाड़ी की चाबी निकाल ली और पौते पर छेड़छाड़ का आरोप




लगाकर भीड एकत्रित की ली। परिजनों को सूचना मिली की पौते को छेड़छाड़ के आरोप में चौकी पर बैठा रखा है।

पुलिस चौकी पर आरोपी उप निरीक्षक रामदयाल ने पौते को छोडने के लिए दस लाख रुपए की मांग की। निवेदन करने पर चार लाख रुपए देने को कहा। काफी निवेदन के बाद आरोपी ने डेढ़ लाख रुपए रिश्वत देने को कहा। परिवादी से आरोपी उप निरीक्षक रामदयाल ने पचास हजार रुपए ले लिए। परिवादी की इस शिकायत पर एसीबी ने 7 जुलाई को गोपनीय सत्यापन किया। इसमें आरोपी रामदयाल द्वारा परिवादी से रिश्वत के शेष एक लाख रुपए मांगने की पुष्टि हो गई। इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्वर्णकार व पुलिस निरीक्षक नरेश चौहान मय टीम ने शुकवार को ट्रैप की कार्रवाई की। टीम ने पुलिस चौकी पर परिवादी से एक लाख रुपए लेते आरोपी उप निरीक्षक रामदयाल मधुकर को रंगे हाथों दबोच लिया। आरोपी को डिटेन कर लिया गया है। एसीबी टीम ने चौकी पर स्थित आरोपी के कमरे की तलाश ली। तलाशी में वहां से परिवादी से लिए 50 हजार रुपए भी बरामद हो गए हैं। इसके अलावा 1,45,500 रुपए भी मिले हैं। रुपयों को जप्त कर लिया गया है।

## बीकानेर हाउस के विकास कार्यों के लिए 15 करोड़ का बजट मंज़ूर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस के उन्नयन एवं विकास कार्यों हेतु 15 करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान को मंजूरी दी है।

गहलोत के इस निर्णय से बीकानेर हाउस में नवीन आर्ट गैलेरी, एम्फीथिएटर एवं स्टॉफ क्वार्टर का निर्माण कार्य शुरू करवाया जा सकेगा।

उक्त निर्णय के अनुसार बीकानेर हाउस री-डेवलपमेंट प्लान के तहत विशिष्ट राजस्थानी शैली में निर्मित मौजूदा परिसर को सहेजते हुए सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा।

## गैस पाइप लाइन बिछाने का काम निर्बाध और समयबद्ध तरीके से होः उषा शर्मा



**जयपुर।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) प्लान के तहत राज्य में गैस पाइप लाइन बिछाने का काम निर्बाध और समयबद्ध तरीके से हो इसके लिए संबंधित विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाएँ। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए अधिकृत कम्पनियों को लैण्ड अलॉटमेंट या विभागों से एनओसी लेने जैसे कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए एसओपी बनाई जाए तथा त्वरित कार्यवाही के लिए सिंगल विंडो पॉलिसी लागू की जानी चाहिये। मुख्य सचिव गुरूवार को सचिवालय में प्रदेश में सीएनजी तथा डीपीएनजी नेटवर्क की प्रगति की समीक्षा कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश के सभी जिलों में पाइप लाइन से घरेलू गैस उपलब्ध करवाने के लिए नेटवर्क का विकास समयबद्ध तरीके से पूरा हो। उन्होंने इस कार्य के लिए अधिकृत कम्पनियों से उनके सामने आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि सभी अवरोधों को दूर करने के हरसंभव प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि गैस पाइपलाइन बिछाने तथा सीएनजी स्टेशनों की स्थापना के लिए आधारभूत ढ़ांचा विकसित करने में जो भी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम विभाग सुबोध अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश में आगामी 8 साल में 96 लाख से अधिक पाइप लाइन से घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे।

# यूडीएच मंत्री धारीवाल के आदेश हवा

**जयपुर।** कॉलोनियों के नियमन के साथ ही वहां मूलभूत सुविधाएं विकसित करने के यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत 15 जुलाई से फिर शिविर शुरू हो रहे हैं। इसके लिए प्रदेश के नगरीय निकायों ने उन कॉलोनियों की सूची तैयार कर ली है, जहां पट्टे जारी करने हैं। लेकिन इनमें से एक भी कॉलोनी का डवलपमेंट प्लान तैयार ही नहीं किया गया। इससे बेतरतीब बसावट और सुविधा क्षेत्रों पर कब्जे होने की आंशका बनेगी। जबकि, यहां मुख्य रूप से सड़क, ड्रेनेज, सीवरेज, पेयजल लाइन का काम होना है। गौरतलब है कि सरकार



ने 10 लाख भूखंडधारियों को पट्टा देने का लक्ष्य तय किया है। इसमें हजारों कॉलोनी शामिल है। नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल विधानसभा में दावा कर चुके हैं कि अभियान के दौरान जिस दर पर पट्टे दिए जा रहे हैं, वह राजस्थान के इतिहास में सबसे कम दर है। उन्होंने कॉलोनियों में डवलपमेंट के काम कराने का भी दावा किया था। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। अभियान में नियमन शुल्क 50 से 100 रुपए और विकास शुल्क शून्य रखा गया हैं। जबकि, कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं विकसित करने का खर्चा 1 हजार से 1200 रुपए प्रति वर्गमीटर आंका गया है है। इसमें सड़क, सीवरेज, विद्युतीकरण व अन्य सुविधा शामिल है। नगरीय निकायों की आर्थिक स्थिति किसी से छिपी नहीं हैं।

मौजूदा सुविधाओं को मेंटेन तक नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे हालात में निकाय अपने स्तर पर इन कॉलोनियों में सुविधाएं कैसे पहुंचाएंगे? सरकार इस स्थिति पर फोकस नहीं कर रही।

## कन्हैयालाल के घरवालों से मिलने पहुंचे पायलट

# हत्यारों का मकसद दहशत फैलाना था, फांसी की सजा मिलनी चाहिए

**उदयपुर।** कन्हैयालाल हत्याकांड मामले को लेकर NIA की टीमें उदयपुर में है। शुक्रवार को एक बार फिर टीमें कुछ इलाकों में जा सकती हैं। वहीं, आज कन्हैया के घर उनके बेटे को पगड़ी पहनाने की रस्म की गई। इसमें नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया भी शामिल हुए। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी परिवार से मुलाकात की। इधर NIA की जांच अब अजमेर तक पहुंच सकती है। यहां के एक चिश्ती की भी पुलिस व जांच एजेंसियों को तलाश है। पायलट ने कहा- इस हत्याकांड के माध्यम से आरोपियों ने हैवानियत का मैसेज देने की कोशिश की है। कोई भी समाज, कोई भी राज्य बर्दाश्त नहीं कर सकता। यह सब जानते हैं कि जो हत्यारे कौन थे, उनका उद्देश्य सिर्फ हत्या करना नहीं था। जिस तरह से इस पूरी घटना को अंजाम दिया गया है, इस तरह से दहशत और खौफ पैदा करने की



कोशिश की गई। पायलट ने कहा- दोषियों को पकड़ा गया है, लेकिन हम सभी चाहते हैं कि चाहे वह ATS हो या NIA जल्द से जल्द सुनवाई हो। स्पेशल कोर्ट के माध्यम से जो दोषी है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए। उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ। यह सब प्री-प्लान तरीके से किया गया है। हम पूरी मदद करेंगे कि न्याय में देरी नहीं हो। पायलट ने कहा कि NIA जांच कर रही है। जांच के बाद जो परिणाम आएंगे, उसके बाद एक्शन लिया जाएगा। सरकार ने कुछ एक्शन लिया भी है। उसके भी परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा- पूरे परिवार से मैंने भी बात की है। पुलिस के पूरे इंतजाम किए गए हैं। अगर इनको खतरा महसूस होगा तो भविष्य में भी सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। एक दिन पहले गुरुवार को NIA टीम मर्डर वाले स्पॉट पर भी पहुंची। इस दौरान हाथीपोल, मालदास स्ट्रीट और भूतमहल के साथ कन्हैया की दुकान के बाहर की गली में वीडियोग्राफी हुई। टीम ने बड़ी बारीकी से एक-एक चीज को चेक किया। पड़ोसियों से पूछताछ की गई। इसके बाद टीम रियाज के साथ शोएब की सापेटिया स्थित फैक्ट्री पर पहुंची। वहां भी मौका-मुआयना किया। आरोपियों ने मर्डर के बाद यही से वीडियो पोस्ट किया था। इस मामले में अमजद और उसका एक साथी अब तक फरार है। अंबेरी में अमजद की दुकान में ही आरोपियों ने कपड़े बदले थे। वो सापेटिया में वीडियो शूट कर यही आए थे।